



# न्यू यॉर्क में आगमन

न्यू यॉर्क तकनीकी संस्थान में आपकी शुरुआत करने के लिए सहायता गाइड

NYIT

# विषय-सूची


NYIT में आपका स्वागत है!....3

अंतराष्ट्रीय शिक्षण कार्यालय ....3

न्यू यॉर्क में आगमन: आपके शुरुआती सप्ताह....3

नए छात्रों की जाँच सूची ....3

सभी नए छात्र....3

पूर्वस्नातक छात्र ....4

स्नातक छात्र....5

आवास के विकल्प....5

छात्रावास ....5

गैर-परिसर आवास....6

न्यू यॉर्क में रहना....6

मौसम ....6

साथ लाए जाने वाली वस्तुएँ ....7

अनुमानित ख़र्चे....7

सांस्कृतिक समंजस्य....9

स्वास्थ्य बीमा एवं प्रतिरक्षण ....10

न्यू यॉर्क शहर की जानकारी ....11

न्यू यॉर्क में सफ़र ....12

स्थानीय यातायात: ....13

परिजनों तथा मित्रों से संपर्क ........ 13
न्यू यॉर्क तथा NYIT में सुरक्षित आवास ........ 14
भुगतान की महत्वपूर्ण जानकारी ........ 14
ट्यूशन तथा फीस ........ 15
ट्यूशन शुल्क का भुगतान किस प्रकार करें ........ 15
भुगतान के विकल्प ........ 15
विलम्ब शुल्क तथा धन-अदायगी ........ 17
आपके अध्ययन से संबंधित सहायक जानकारी ........ 18
अध्ययन सफलता की कुंजी ........ 19
वीज़ा एवं अप्रवास से संबंधित जानकारी ........ 21
एफ-1 या जे-1 छात्र स्थिति किस प्रकार प्राप्त करें ........ 21
यदि आप संयुक्त राज्य से बाहर के छात्र हैं ........ 21
यदि आप संयुक्त राज्य में रह रहे है ........ 23
आश्रित ........ 25
छात्र स्थिति बनाए रखने के दिशानिर्देश ........ 26
विदेश दौरे के बाद संयुक्त राज्य में आगमन ........ 28
रोज़गार ........ 29
NYIT सम्पर्क जानकारी ........ 30

**NYIT में आपका स्वागत है!**

विदेश में अध्ययन करना एक रोमांचकारी एवं चुनौतियों से भरा अनुभव साबित हो सकता है। इस चुनौती को स्वीकार करने के लिए हम आपको बधाई देते हैं। इस गाइड में आपको एफ-1 या जे-1 छात्र स्थिति, न्यू यॉर्क में आपके आगमन तथा छात्रावास में आपके शुरुआती सप्ताहों से संबंधित जानकारी प्राप्त होगी।

आपमें से बहुत छात्रों के लिए न्यू यॉर्क तथा अमरीका में रहने का यह पहला अनुभव हो सकता है। आपके नए स्कूल, समुदाय, देश तथा संस्कृति के साथ समंजस्य में सहायता के लिए हम आपके साथ हैं। आप हमारे मेनहेटन तथा ओल्ड वेस्टब्यूरे स्थित परिसर में लगभग 100 देशों से आए 1,300 अंतराष्ट्रीय पूर्व-स्नातक तथा स्नातक छात्रों में सम्मिलित होने जा रहे हैं।

**अंतराष्ट्रीय शिक्षण कार्यालय**

अंतराष्ट्रीय शिक्षण कार्यालय NYIT की वैश्विक समुदाय में अपनी मौजूदगी समाविष्ट करने साथ-साथ बहुसांस्कृतिक वातावरण के प्रोत्साहन द्वारा अंतराष्ट्रीय छात्रों का विकास एवं सहायता करता है। NYIT में आपके पठन-काल के दौरान एक अंतराष्ट्रीय छात्र आपके निजी सलाहकर के रूप में आपसे संपर्क में रहेगा। अपने वीज़ा, अप्रवास, यात्रा, रोजगार या अन्य किसी-भी विषय में आपके प्रश्न या अनुरोध के विषय में आप कार्यालय में उपस्थित सलाहकार से संपर्क कर सकते हैं या oie@nyit.edu, 1.516.686.7526 (ओल्ड वेस्टब्यूरे), या 1.212.216.1684 (मैनहैटन) पर संपर्क कर सकते हैं।

**न्यू यॉर्क में आगमन: आपके शुरुआती सप्ताह**

कक्षा प्रारम्भ होने से कुछ समय पूर्व न्यू यॉर्क में आने की योजना बनाएँ ताकि आप यहाँ स्वयं को उचित प्रकार से व्यवस्थित कर सकें, शहर के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकें, नए लोगों से मिल सकें, और अपने "घर जैसा" महसूस कर सकें। अप्रवास नियमों के तहत आप अपने वीज़ा प्रमाण-पत्र (आई-20 या डीएस -2019) पर दी गई तिथि के अनुसार प्रोग्राम शुरू होने के 30 दिन पहले तक पहुँच सकते हैं। परिसर में मौजूद आपकी कक्षा स्थान पर अनिवार्य अनुस्थापन के लिए समय पर पहुँचना आवश्यक है।

**नए छात्रों की जाँच सूची**

अपने अगले चरण की पूर्ण जानकारी के विषय में संपर्क करने के लिए nyit.edu/intladmitted पर जाएँ।

**सभी नए छात्र**

- यदि उयुक्त हो तो अपना नामांकन, ट्यूशन शुल्क भुगतान तथा NYIT छात्रवृति को स्वीकृत या अवस्वीकृत करना सुनिश्चित करने के लिए my.nyit.edu पर दिए गए अपने MyNYIT को सक्रिय करें।
    - register.nyit.edu/reset पर जाएँ।
    - अपने स्वीकृति ई-मेल या पत्र में दर्शाए अनुसार अपनी NYIT पहचान संख्या तथा कुलनाम प्रविष्ट करें।
    - दिए गए सुरक्षा कोड को दर्शाए अनुसार कॉपी करें और जमा करें।
    - अपने गुप्त सुरक्षा प्रश्न एवं उत्तर को स्थापित करने के लिए अपनी जन्म तारीख का ब्यौरा दर्ज करें।
    - सुरक्षा प्रश्नोत्तर का निर्माण करें। उत्तर का 6 से 20 अक्षरों में होना आवश्यक है।
    - नया पासवर्ड बनाएँ। कृपया आवश्यक अक्षरों से पासवर्ड बनाने के लिए सभी दिशानिर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

  - आपने अपना NYITConnect एकाउंट तथा ई-मेल पता सफलतापूर्वक बना लिया है। और अब आप इसे my.nyit.edu के अपने MyNYIT पोर्टल पर ऑनलाईन पहुँच सकते हैं।
- अपने MyNYIT पोर्टल में अपेक्षित दिनाँक तक अपनी गैर-वापसी ट्यूशन शुल्क भुगतान को जमा करके अपना नामांकन सुनिश्चित करें।
- यदि आपको वित्तीय सहायता पैकेज तथा स्वीकृति की प्राप्ति हुई है तो आप अपनी NYIT छात्रवृति या सहायता को अपने MyNYIT पोर्टल पर ऑनलाईन स्वीकृत या अस्वीकृत कर सकते हैं।
- यदि आप छात्र-खिलाड़ी हैं, तो अपने ट्यूशन शुल्क का भुगतान करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि छात्रवृति की प्रक्रिया शुरु करने से लिए अपने कोच से सभी आवश्यक दस्तावेज़ प्राप्त कर लें, यदि लागू है।
- अपनी NYIT द्वारा प्रदान की गई या ऑफ-परिसर आवासीय व्यवस्था को सुनिश्चित कर लें।
- NYIT में आपकी प्रथम कक्षा शुरू होने के 30 दिन के अंदर अपनी यात्रा की व्यवस्था को सुनिश्चित कर लें। अनुस्थापन दिनाँक देखें तथा अनुस्थापन के लिए nyit.edu/orientation पर पंजीकरण करें। आपका अनुस्थापन में उपस्थित होना आवश्यक है।
- SEVIS दस्तावेज़ चेक-इन सत्र के लिए पंजीकरण करें तथा परिसर में प्रवेश करने पर इसमें अपनी उपस्थिती दर्ज करें। यह सभी आई-20 छात्रों के लिए आवश्यक है।
- अपने प्रतिरक्षण से संबंधित सभी प्रमाणों को जमा करें। इन दस्तावेज़ों के बिना आपको कक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
- अपने ट्यूशन बिलों का भुगतान करें।

**पूर्वस्नातक छात्र**

- ट्यूशन शुल्क: आपका 400 डॉलर का ट्यूशन शुल्क 1 दिसंबर की वसंत-ऋतु सत्र, मई 1 की शरद-ऋतु सत्र या इन तिथियों के बाद प्राप्त हुए आपके स्वीकृति पत्र या ई-मेल के दो सप्ताह के अंदर NYIT को देय है। NYITConnect में प्रवेश करके आप अपने MyNYIT पोर्टल पर ट्यूशन शुल्क का भुगतान कर सकते हैं।

- नियोजन परीक्षा एवं पंजीकरण: सभी प्रथम वर्ष के छात्र, जिनमें, वह सभी शामिल हैं जिन्हें अग्रिम नियोजन क्रेडिट या अन्य कॉलेज में किए गए स्थानांतरण क्रेडिट प्राप्त हुआ है, उन्हें रजिस्ट्रेशन से पहले NYIT के गणित, अँग्रेजी तथा पठन के नियोजन परीक्षा देना आवश्यक है। कक्षा में पंजीकरण करने के लिए आपको प्रथम-सत्र के सलाहकार से मिलना आवश्यक है।

  वह स्थानांतरित छात्र जिन्हें कॉलेज संयोजन-I और /या अपने विशेष पाठ्यक्रम में प्रथम गणित पाठ्यक्रम के क्रेडिट प्राप्त नहीं हुए हैं उनका NYIT नियोजन परीक्षा देना अनिवार्य है। वह स्थानांतरित छात्र जिन्हें कॉलेज संयोजन-I और /या अपने विशेष पाठ्यक्रम में प्रथम गणित पाठ्यक्रम के क्रेडिट प्राप्त हुए हैं नियोजन परीक्षा देना अनिवार्य नहीं है। पंजीकरण करने के लिए आपको प्रथम-सत्र के सलाहकार से मिलना आवश्यक है।

  नियोजन परीक्षा तथा पंजीकरण की अधिक जानकारी के लिए आपको सूचित किया जाएगा। nyit.edu/placement पर आप अभ्यास परीक्षा प्रश्न और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि यह परीक्षा केवल नियोजन के उद्देश्य से बनाई गई है तथा इससे आपके NYIT में दाखिले पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

- अंतिम, आधिकारिक दस्तावेज़ जमा करना: अपना प्रथम सत्र प्रारम्भ करने से पहले, अपने अंतिम आधिकारिक दस्तावेज़ तथा कॉलेज में किए गए कार्य के साथ-साथ आधिकारिक परीक्षा अंकों की प्रतिलिपि को दाख़िला कार्यालय को भेजें।

**स्नातक छात्र**

- ट्यूशन शुल्क: आपके 500$ का ट्यूशन भुगतान शुल्क आपको स्वीकृति पत्र या ई-मेल मिलने के चार सप्ताह के अंदर NYIT को देय होगा। NYITConnect में प्रवेश करके आप अपने MyNYIT पोर्टल पर ट्यूशन शुल्क का भुगतान कर सकते हैं।

- कक्षा के लिए पंजीकरण : आप परिसर पहुँचने पर अपने स्नातक सलाहकार से भेंट करेंगे। आपको प्रथम सत्र में, लिए जाने वाले पाठ्यक्रम के विषय में सलाह दी जाएगी। इसके बाद आप पंजीकरण कार्यालय में पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। सलाहकारों तथा उनकी समय-सूची के लिए nyit.edu/advising/advisor_schedules पर जाएँ।

  स्नातक छात्र जिनके TOEFL अंक 500 से 550 के बीच (लिखित), 173 से 213 (कम्प्यूटरीकृत) या 61 से 80 के बीच (इंटरनेट आधारित) हैं या वह जिनका IELTS अंक 5 से 5.5 के मध्य आते हैं उन्हें कॉलेज पहुँचने से पहले अँग्रेजी भाषा पाठ्यक्रम में दाख़िला दिया जाएगा। कक्षा के लिए पंजीकरण करने से पहले आपका अँग्रेजी भाषा संस्थान (ELI) के स्टाफ़ सदस्य से मिलना आवश्यक है। आपको नियोजन परीक्षा में बैठने की आवश्यकता नहीं है।

- अंतिम, आधिकारिक दस्तावेज़ जमा करना: अपना प्रथम सत्र प्रारम्भ करने से पहले, परीक्षा में प्राप्त अंक तथा डिग्री के प्रमाण की आधिकारिक प्रतिलिपि को दाख़िला कार्यालय को भेजें।

**अँग्रेजी भाषा संस्थान (ईएलआई) छात्र**

- छात्र जिन्हें TOEFL या IETLS के बिना अँग्रेजी भाषा संस्थान में प्रवेश दिया गया है उनका पंजीकरण से पहले अँग्रेजी की नियोजन परीक्षा में बैठना आवश्यक है।

**आवास के विकल्प**

**छात्रावास**

हम सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों का मैनहैटन तथा ओल्ड वेस्टब्यूरे के निकट स्थित अपने सेवाओं से लैस छात्रावास में स्वागत करते हैं। हालाँकि, छात्रावास NYIT परिसर में स्थित नहीं है, मैनहैटन छात्रावास परिसर से कुछ ही दूरी पर स्थित हैं जबकि ओल्ड वेस्टब्यूरे छात्रावास के लिए शटल बस सुविधा मौजूद है।

NYIT आवास की अत्याधिक माँग बनी रहती है। यदि आप NYIT द्वारा प्रदान की जने वाली आवासीय सुविधाओं में रहने के इच्छुक हैं, तो हम आपको छात्रावास आवेदन तथा गैर-वापसी आवास भुगतन जल्द से जल्द करने की सलाह देते हैं। आवास का चुनाव 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर होता है। आवास से संबंधित आवेदन एवं विकल्प, खर्च, तथा मकान प्राप्ति की तिथि तक उपागमन के

लिए nyit.edu/housing पर जाएँ। NYIT में आने से पहले आपको आपके कमरे तथा बिल्डिंग नियुक्ति की सूचना ई-मेल द्वारा कर दी जाएगी।

- मैनहैटन परिसर तथा गैर-परिसर आवास से संबधित प्रश्नों के लिए housingma@nyit.edu पर संपर्क करें या 1.212.261.1737 पर कॉल करें।
- ओल्ड वेस्टब्यूरे परिसर तथा गैर-परिसर आवास से संबधित प्रश्नों के लिए housingma@nyit.edu पर संपर्क करें या 1.516.686.1402 पर कॉल करें।

**गैर-परिसर आवास**

न्यू यॉर्क में परिसर से बाहर आवास की तलाश चुनौतीपूर्ण साबित हो सकती है। इसीलिए जिस जगह आप अगले एक साल या उस से ज़्यादा के लिए रहने जा रहे हैं तो जगह का चुनाव करने से पूर्व उसके विषय में जानकारी प्राप्त करना तथा तैयारी करना आवश्यक है। यदि आप आवास की अग्रिम खोज करना चाहते हैं, तो आपको अधिकतर रिक्तियाँ मकान प्राप्ति की तिथि से 30 दिनों से अधिक पुरानी नहीं मिलेंगी। यदि आप परिसर से बाहर रहने की योजना बना रहे हैं, तो तय समय से तीन सप्ताह पूर्व न्यू यॉर्क आने का प्रयास करें तथा उचित मकान मिलने तक अस्थाई आवास की व्यवस्था कर लीजिए।

हम आपको परिसर से बाहर आवास खोजने के साधन उपलब्ध कराने में सहायता करते हैं। सहायता के लिए nyit.edu/housing/offcampus पर जाएँ। आप नीचे दिए गए वेब पते पर अस्थायी आवास की खोज कर सकते है:

- मैनहैटन परिसर के समीप स्थानीय आवास: nyit.edu/locations/manhattan_local_hotels
- ओल्ड वेस्टब्यूरे के समीप परिसर के समीप स्थानीय आवास: nyit.edu/locations/westbury_local_hotels

**न्यू यॉर्क में रहना**

**मौसम**

न्यू यॉर्क में मौसम चार ऋतुओं में बदलता है:

| **मौसम** | **औसतन अधिकतम तापमान** | **औसतन न्यूनतम तापमान** |
|---|---|---|
| पतझड़ (सितंबर-नवंबर) | 61° फ़े (16° डि.) | 44° फ़े (7° डि.) |
| शीत ऋतु(दिसंबर-फरवरी) | 38° फ़े (°3 डि.) | 25° फ़े (-4° डि.) |
| वर्षा ऋतु (मार्च-मई) | 61° फ़े (16° डि.) | 44° फ़े (7° डि.) |
| ग्रीष्म ऋतु (जून-अगस्त) | 89° फ़े (29° डि.) | 68° फ़े 20°( डि.) |

- पतझड़ तथा शीत ऋतु के लिए मोटा कोट, जूते, दस्ताने, टोपी, स्कार्फ तथा ठंडे मौसम के लिए मोटे मोज़े रखें।
- वर्षा ऋतु तथा ग्रीष्म ऋतु के लिए हल्के कपड़े तथा गर्म ऋतु के लिए हल्के जैकेट रखें।

- पतझड़ तथा वर्षा ऋतु के लिए छतरी एवं बरसाती उचित है। तापमान, बारिश के मात्रा तथा मौसम से संबंधित और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए weather.com पर जाएँ।

**साथ लाए जाने वाली वस्तुएँ**

संयुक्त राज्य में प्रवेश करने पर, अपने अप्रवास संबंधी दस्तावेज़, अमरीकी मुद्रा, क्रेडिट कार्ड सभी को सदैव साथ रखना आवश्यक है, जैसे कि जेब में या आपके पर्स में।

आपके व्यक्तिगत बेग या छोटे समान (डे-पैक/बैक-पैक) वस्तुओं से संबंधित कुछ सुझाव यहाँ दिए गए है:

- रोज़ाना उपयोग में आने वाली दवा, डॉक्टर द्वारा निर्धारित चश्में या कॉन्टेक्ट लैंस इत्यादि। अमरीका में कई दवाओं के सेवन में चिकित्सीय परामर्श अनिवार्य है, यदि आपको स्वास्थ्य से संबंधित दीर्घकालीन समस्या है जिसके लिए दवाओं की आवश्यकता है तो आपको सलाह दी जाती है कि कुछ सप्ताहों तक सेवन की जाने वाली दवाओं की मात्रा साथ लाएँ।
- कीमती सामान जैसे गहने या व्यक्तिगत फोटो या पत्र समेत अचल वस्तुएँ इत्यादि।
- फोन चार्जर, बदलने के लिए वस्त्र, तथा अप्रत्याशित विलंब या सामान खो जाने की स्थिति में व्यक्तिगत उपयोग का अतिरिक्त सामान।

**सीमित समान लाएँ:** यात्रा के दौरान आपको अधिक मात्रा में सामान लाने की आवश्यकता नहीं है। आप कुछ भी भूल जाएँ, तो यहाँ आपको अपनी ज़रूरत का सारा सामान आसानी से उपलब्ध हो जाएगा, जिसे आप चाहे पैदल, बस से या भूमिगतमार्ग से जाकर खरीद सकते हैं। संयुक्त राज्य के संस्थानों में ड्रेस कोड अक्सर अनौपचारिक ही होता है। NYIT के छात्र अधिकतर स्लैक्स, जींस, स्कर्ट, टी-शर्ट, तथा स्निकर्स इत्यादि पहनते हैं। आप मुख्य अवसरों के लिए औपचारिक/अर्ध-औपचारिक वस्त्र साथ में रखना चाहेंगे। औपचारिक पहरावा, जैसे कि सूट, साक्षात्कार, प्रशिक्षण, या व्यावसायिक विकास गतिविधियों जैसे समय के लिए साथ रखना एक अच्छी बात होगी।

अमरीका में ख़रीदारी के अच्छे माध्यमों की सही जानकारी होने के पश्चात, आप यहाँ पर उचित दामों पर ख़रीदारी कर पाएंगे। खाद्य वस्तुओं के अलावा किसी सामान की ख़रीदारी के समय उसकी रसीद संभाल कर रखें। रसीद न मिलने की स्थिति में कैशियर से इसकी मांग करें। आप इस रसीद का उपयोग वस्तु के खराब निकलने या असन्तोषजनक होने की स्थिति में इसके विरुद्ध धन-वापसी या उस वस्तु को बदलने के लिए भी कर सकते हैं।

**घरेलू समान:** खाना बनाने तथा खाने की आपूर्ति, बिजली के छोटे उपकरण, चादर तथा तौलिए की ख़रीदारी न्यू यॉर्क से कर सकते हैं। इससे यात्रा के दौरान आपको अतिरिक्त सामान साथ लाने की आवश्यकता नहीं होगी तथा इनमें से अत्याधिक सामान उचित दामों पर न्यू यॉर्क से खरीदा जा सकता है। खास तौर पर आपके देश में उपयोग होने वाले बिजली के उपकरण अमरीका की बिजली आपूर्ति के अनुकल न हों तथा संभवतः छात्रावास में इनके उपयोग की अनुमति आपको न मिल पाए।

**अनुमानित ख़र्चे**

अधिकतर छात्र सीमित बजट में ही निर्वाह करते हैं। इसलिए धन का लंबे समय तक संचय करने के लिए सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करें। अपने धन को सोच-समझ कर खर्च करें जब तक की डॉलर के मुल्य तथा अपने संभावित खर्चों से परिचित नहीं हो जाते। इसमें

समय और अनुभव की आवश्यकता है। क्रेडिट कार्ड के अत्याधिक इस्तेमाल से बचें। इस प्रकार के कार्ड पर प्रभार शुल्क खर्च तेज़ी से बढ़ता है।

आपके आई-20 या डीएस-2019 में सूचित निधिकरण मात्रा के द्वारा आपको पाठ्यक्रम वर्ष में ट्यूशन, फीस तथा निर्वहन के संभावित खर्चों प्रदान की गई है। हमारे अनुमान के अनुसार आपको अपने व्यक्तिगत खर्चों के लिए सालाना 13,350 डॉलर की आवश्यकता हो सकती है। परिवार के सदस्यों के साथ आने पर खर्चे भी ज़्यादा हो जाएंगे। आपको अपने जीवनसाथी तथा बच्चे को साथ लाने पर क्रमशः 5,000 तथा 4,500 डॉलर प्रति वर्ष की आवश्यकता हो सकती है। स्वादेशिक मुद्रा का मुल्य कम होने की स्थिति में आपको मुद्रा की अस्थिरता को भी ध्यान में रखना होगा, जिससे आपके पास विषम परिस्थिति में भी पर्याप्त धन उपलब्ध रहे। आप इंटरनेट पर उपलब्ध कई मुद्रा परिवर्तकों में से एक xe.com की सहायता ले सकते हैं।

**बैंकिंग:** अंतराष्ट्रीय शिक्षा कार्यालय सभी वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर छात्रों को चेकिंग खाते या बचत खाते की सुविधा भी प्रदान करते हैं। आमतौर पर चेकिंग खातों को दैनिक खर्चों के लिए इस्तेमाल किया जाता है तथा इन पर ब्याज देय नहीं होता। इसके विपरीत बचत खाता ऐसे धन के लिए प्रयोग किया जाता है जिसकी निकट-भविष्य में आवश्यकता नहीं होती तथा इसमें ब्याज देय होता है।

कुछ बैंकों में मासिक शुल्क एवं खाते में न्यूनतम धनराशि रखना आवश्यक होता है; हालांकि, कई बैंको में ये सभी शुल्क छात्रों के लिए माफ होते हैं। खाता खोलने जाते समय, बैंकर को अपने NYIT के छात्र होने के विषय में जानकारी दें, ताकि वह आपको उपरोक्त खर्चों से छूट प्राप्ति में आपकी योग्यता की जानकारी प्रदान कर सके। अंतराष्ट्रीय शिक्षा कार्यालय में आप उन बैंकों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जहाँ NYIT छात्रों के लिए विशेष खाते चलाए जा रहे हैं।

अंतराष्ट्रीय शिक्षा कार्यालय द्वारा प्रदान किए गए NYIT छात्र स्थिति प्रमाणित अनुरोध पत्र के साथ-साथ खाता खोलने के लिए आपको निम्न दस्तावेज़ों की आवश्यकता होगी:-

- गतावधिक पासपोर्ट
- फॉर्म आई-94
- फॉर्म आई-20 या डीएस- 2019
- NYIT छात्र पहचान संख्या
- कुछ बैंक अंतराष्ट्रीय छात्रों से अतिरिक्त पहचान दस्तावेज़ों की मांग कर सकते हैं। यदि आप किसी विशेष बैंक शाखा में खाता खोलने के इच्छुक हैं तो उस बैंक में इस विषय में पुष्टि कर लें।

अपने धन एवं कीमती सामान के विषय में अतिरिक्त सावधानी का पालन करें। पर्स एवं बटुऐ को अपने पास संभाल कर रखें। बाहर घूमने जाते समय, अपने पास अधिक नकदी न रखें। अपने गहनों का किसी के सामने प्रदर्शन न करें।

**अपने बजट की योजना करते समय निम्न बातों को ध्यान में रखना आवश्यक है:**

- प्रत्येक सत्र में आपको पूर्ण-कालिक छात्र के रूप में पंजीकरण करना आवश्यक है। (केवल अंतिम सत्र के डिग्री प्रोग्राम के अतिरिक्त, जिसमें स्नातक के लिए पूर्ण-कालिक से कम पाठ्यक्रम की आवश्यकता हो।)

- आपको अँग्रेजी पाठ्यक्रम की आवश्यकता हो सकती है,जिसमें आपके डिग्री प्राप्त करने का समयावधि तथा खर्चे अधिक हो सकते है। NYIT के अँग्रेजी भाषा संस्थान में पाँच चरण है। इनमें सबसे न्यूनतम स्तर (चरण 6) उन छात्रों के लिए जिन्हें भाषा का बहुत कम या कोई मूलभूत ज्ञान नहीं है। अन्य चार चरण (चरण 7, 8, 9 तथा 500) शैक्षिक प्रयोजनों के लिए आपके अँग्रेजी कौशल में सुधार के उद्देश्य के लिए बनाए गए हैं।

इन चरणों में नियोजन आपके IELTS या TOEFL अंको के आधारित है। यदि अपने इनमें से कोई भी परीक्षा नहीं दी है, तो आपको हमारे संस्थान में दाखिले के समय ACT Compass परीक्षा देना आवश्यक है। IELTS या TOEFL के अंक अँग्रेजी भाषा संस्थान (ELI) में दाखिला लेने के लिए आवश्यक नहीं है। हालांकि, IELTS या TOEFL अंक NYIT में दाखिले के लिए आवश्यक हैं। अधिक जानकारी एवं छात्र की शैक्षिक योग्यता से संबंधित दर्शाए उदाहरण के लिए nyit.edu/eli पर जाएँ।

- यदि आपका चयन असिस्टैंटशिप के लिए हुआ है तो आपका वेतन शहर, राज्य तथा सरकारी कर के अंतर्गत होगा यदि आपके देश तथा संयुक्त राज्य मध्य कर संधि लागू नहीं है। संयुक्त राज्य कानून के अंतर्गत NYIT व्यक्तिगत एफ़-1 तथा जे-1 वीज़ा जिसमें प्राप्त छात्रवृति तथा संघ अनुदान के ट्यूशन के खर्च एवं फीस से अधिक होने की स्थिति में कर का भुगतान आवश्यक है।

- स्वास्थ्य बीमा होने के बावजूद भी संयुक्त राज्य में चिकित्सीय खर्चे अधिक होते हैं। सभी छात्रों का NYIT स्वास्थ्य बीमा लेना आवश्यक है तथा आप पर आश्रित सभी सदस्यों का संयुक्त राज्य में रहने तक स्वास्थ्य-बीमा होना अनिवार्य है। J-2 आश्रितों का कानूनीतौर पर बीमा अनिवार्य है।

- परिसर जाते समय या आस-पास की जगहों के लिए यातायात लेते समय, आपको स्थानीय यातायात जैसे भूमिगतमार्ग, रेल या बस के खर्चों का आंकलन करना होगा।

**सांस्कृतिक समंजस्य**

नए देश, नए शहर तथा नए शैक्षिक वातावरण में जाना एक महत्वपूर्ण सामंजस्य साबित हो सकता है। आत्मविस्मृति की इस भावना को “सांस्कृतिक आघात” का नाम दिया गया है जो व्यक्ति के अपने आस-पास के माहौल से अनभिज्ञ होने पर घटित होता है। न्यू यॉर्क में प्रवेश करने पर आप नए, दृश्यों, आवाजों, सुगंधों, स्वादों, भाषाओं, प्रथाओं और अनुभवों से रूबरू होंगे जो आपके देश से भिन्न होंगे।

प्रत्येक व्यक्ति इस सांस्कृतिक आघात को भिन्न-भिन्न प्रकार से अनुभव करता है और इस सांस्कृतिक सामंजस्य में आप किस प्रकार से प्रतिक्रिया करते हैं इसे पहले से बता पाना असंभव है। यदि आप किसी प्रकार की समस्या का अनुभव कर रहे हैं तो यह समझना आवश्यक है कि आपकी यह भावनाएँ सामान्य हैं तथा जल्द ही आप इस समस्या पर विजय प्राप्त कर लेंगे। सलाह एवं स्वास्थ्य कार्यालय NYIT तथा न्यू यॉर्क में आपको सामंजस्य स्थापित करने में मदद करता है।

हालांकि, प्रत्येक व्यक्ति की प्रतिक्रिया भिन्न होती है, परंतु यहाँ कुछ सुझाव दिए गए हैं जिससे आपको सांस्कृतिक सामंजस्य स्थापी करने में मदद मिलेगी:

- अपना दृष्टिकोण बरकरार रखें। याद रखें कि NYIT में छात्र अलग-अलग देशों से आए और कामयाब हुए हैं। यह सांस्कृतिक तन्मयता आपको शैक्षिक कैरियर में अन्य छात्रों की तुलना से प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्रदान करेगा।

- अपेक्षाओं को संतुलित रखें। संयुक्त राज्य, न्यू यॉर्क या NYIT में जीवन के प्रति आपके अनुभव पुर-निर्धारित विचारों पर आधारित हो सकते हैं। यदि आप व्याकुलता एवं निराशा का अनुभव कर रहे हैं तो स्वयं से यह प्रश्न पूछिए कि क्या आपकी

अपेक्षाएँ उचित हैं?

- विचारों को खुला रखें। NYIT में लोगों का व्यवहार आपकी अपेक्षा के विपरीत हो सकता है। यहाँ यह समझना आवश्यक है कि वह व्यक्ति अपने देश के मूल्यों के अनुसार ऐसा व्यवहार कर रहा है। उनके बर्ताव का आंकलन स्वदेशिक मूल्यों के अनुसार न करें। .

- अनुभव से सीख प्राप्त करें। किसी नए देश कि यात्रा करना तथा नई संस्कृति को जानना आपके जीवन का एक बेहतर अनुभव साबित हो सकता है। यह आपके मूल्यों को उचित प्रकार से समझने तथा विचारों को विस्तृत करने का बेहतरीन अवसर साबित हो सकता है।

हम सदैव आपकी सहायता के लिए तत्पर हैं! यदि आप NYIT में अपने जीवन या किसी व्यक्ति के विषय में अपने अनुभवों को साझा करना चाहते हैं, तो इसके लिए सलाह एवं स्वास्थ्य कार्यालय के सलाहकार से संपर्क करें या आप NYIT में अपने समय का आनंद लेने तथा सामंजस्य में मदद के लिए नीचे दिए गए पतों पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं:

- मैनहैटन परिसर, 26 W. 61st St., Mezzanine Level, 1.212.261.1770
- ओल्ड वेस्टब्यूरे परिसर, Harry Schure Hall, Room 208, 1.516.686.7976

## स्वास्थ्य बीमा एवं प्रतिरक्षण

### छात्र स्वास्थ्य देखभाल

संयुक्त राज्य में चिकित्सीय खर्चों के भुगतान के लिए किसी भी प्रकार की सरकारी-सहायता प्रणाली नहीं प्रदान की गई है। डॉक्टर तथा प्रयोगशाला फीस, नैदानिक खर्चे तथा दवाओं से संबंधित सेवाएँ आपके लिए महंगी साबित हो सकती हैं। न्यू यॉर्क शहर में चिकित्सीय खर्च प्रतिदिन औसतन 500 से 1,000 डॉलर तक हो सकता है। जिसमें चिकित्सक की फीस शामिल नहीं है जो महंगी हो सकती है। इसलिए स्वास्थ्य बीमा होना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए, NYIT के सभी अंतराष्ट्रीय छात्रों का NYIT स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत बीमा होना अनिवार्य है।

एफ-1 या जे-1 छात्र होने के कारण, NYIT के एटना छात्र स्वास्थ्य (Aetna Student Health) के द्वारा योजना 1 के अंतर्गत सामान्य दुर्घटना चिकित्सा व्यय लाभ (Plan 1 Basic Accident Medical Expense Benefit) तथा योजना 2 के अंतर्गत सामान्य रोग चिकित्सा व्यय लाभ (Plan 2 Basic Sickness Medical Expense Benefit) तथा अनुपूरक दुर्घटना (Supplemental Accident) एवं रोग चिकित्सा व्यय लाभ (Sickness Medical Expense Benefit) के अंतर्गत आपको स्वतः ही नामांकित किया जाता है। नामांकन अनिवार्य है तथा प्रत्येक सत्र में इसके बिल का भुगतान कोशाध्यक्ष कार्यालय माध्यम से आपको करना होगा। NYIT के स्वास्थ्य बीमा को किसी भी प्रकार के अन्य स्वास्थ्य बीमा से बदला नहीं जा सकता है। आपकी NYIT बीमा पॉलिसी में आपके परिवार के किसी भी सदस्य को शामिल नहीं किया जा सकता है। यह सिफारिश की जाती है कि आप उनमें से प्रत्येक के लिए अलग-अलग बीमा कवरेज खरीदें।

स्वास्थ्य लाभ, नामांकर्ण व्यय, स्वास्थ्य दावा फॉर्म तथा नामांकन की अंतिम दिनांक अधिक जानकारी के लिए aetnastudenthealth.com पर जाएँ। अतिरिक्त प्रश्नों की जानकारी के लिए स्वास्थ्य कार्यालय को ows@nyit.edu पर समार्क करें।

यदि आपको सामान्य बीमारी, दर्द या पीड़ा है तो आप Aetna की वेबसाइट पर सूचित मुख्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाता को संपर्क कर सकते हैं। केवल आपातकालीन स्थिति में अस्पताल का चयन करें।

**प्रतिरक्षण**

न्यू यॉर्क राज्य के स्वास्थ्य क़ानून §2165 तथा §2176 के अंतर्गत खसरा, कण्ठमाला, जर्मन खसरा तथा मेनिंगोंकॉकल मस्तिष्क ज्वर टीकाकरण प्रतिक्रिया के लिखित प्रमाण प्राप्त करने लिए सभी छात्रों को कम-से-कम छे सत्र घंटे या इसके समकक्ष नामांकन करना अनिवार्य है। पाठ्यक्रम का पंजीकरण करने से पहले NYIT के छात्र प्रतिरक्षण फॉर्म की प्रतिलिपी स्वास्थ्य सेवा कार्यालय में जमा करनी होगी। क्षय रोग की जांच करना अनिवार्य है। इन दस्तावेज़ों की अनुपस्थिति में कक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अधिक जानकारी एवं फॉर्म प्राप्त करने के लिए nyit.edu/immunization पर जाएँ या ows@nyit.edu पर ई-मेल करें।

**न्यू यॉर्क शहर की जानकारी**

**नज़दीकी हवाई-अड्डे से NYIT के मैनहैटन परिसर तक परिवहन सुविधा**

- **जॉन एफ. कैनेडी अंतराष्ट्रीय हवाई-अड्डे (JFK)** से, न्यू यॉर्क शहर भूमिगत-रेल-ए (Subway A ) से कोलम्बस सर्कल (59वां मार्ग पश्चिम तथा ब्रॉडवे) जाने के लिए पकड़ें। NYIT 1855 बॉडवे तथा 61स्ट स्ट्रीट वैस्ट से दो ब्लॉक उत्तर दिशा की ओर स्थित है। आप सीधे ऑनलाइन भुगतान के द्वारा सुपरशटल (supershuttle.com) में भी आरक्षण कर सकते हैं। जॉन एफ. कैनेडी अंतराष्ट्रीय हवाई-अड्डे से अपना समान लेने के बाद, “भूमिगत यातायात” के चिन्हों को खोजें, इसके बाद यातायात या सुपरशटल के प्रतिनिधि (नीली वर्दी में) को खोजें। भूमिगत यातायात की अधिक जानकारी के लिए panynj.gov/airports/jfk-ground-transportation.html पर जाएँ।

- **ला-ग्युआर्डिया हवाई-अड्डे (LGA)** से, मैनहैटन (आखिरी स्टॉप) की पश्चिम दिशा से मैनहैटन 60 बस (M60) पकड़े तथा न्यू यॉर्क भूमिगत-रेल 1 या 9 लें। 59थ स्ट्रीट वैस्ट/कोलम्बस सर्कल पर उतरें। NYIT यहाँ से 1855 ब्रॉडवे में 61स्ट स्ट्रीट वैस्ट से दो ब्लॉक पूर्व की ओर स्थित है। AIRRIDE 800 पर कॉल करें, जो आपको हवाई-अड्डे से परिसर तक के यातायात साधनों की जानकारी देगा। भूमिगत यातायात की अधिक जानकारी के लिए panynj.gov/airports/jfk-ground-transportation.html पर जाएँ।

- यदि आप **नेवार्क अंतराष्ट्रीय हवाई-अड्डे (EWR)** पर पहुँचते है तो आप यहाँ से परिसर तक हवाई-अड्डे पर उपलब्ध शटल-सेवा का उपयोग कर सकते हैं। आप ऑनलाइन भी आरक्षण कर सकते हैं या टोल –फ्री नंबर 1.877.599.8200 पर कॉल कर सकते हैं। भूमिगत यातायात की अधिक जानकारी के लिए panynj.gov/airports/jfk-ground-transportation.html पर जाएँ।

- न्यू यॉर्क की लाइसेंसधारी पीली कैब: यह जल्दी पहुँचने का परंतु एक खर्चीला विकल्प है (JFK से मैनहैटन तथा JFK से ओल्ड वेस्टब्यूरे तक जाने लिए लिए वर्तमान दर 52 डॉलर है)। आप नकद या क्रेडिट कार्ड द्वारा भी भुगतान कर सकते हैं।

अपना सामान लेने के बाद, टैक्सी के चिन्ह् की खोजे करें तथा **लाइसेंसधारी** पीली टैक्सी का ही चुनाव करें।

न्यू यॉर्क आगमन के समय आप अपने देश में स्थित संयुक्त राज्य के दूतावास पर भी सहायता के लिए संपर्क कर सकते हैं।

**NYIT के ओल्ड वेस्टब्यूरे परिसर तक का रास्ता**

लॉन्ग आईलैंड रेलमार्ग (LIRR) कई रेल-स्टेशन तक की पहुँच प्रदान करता है जिसमें वेस्टब्यूरे, हिक्सविला, मेनहेस्ट तथा ग्रीनविला शामिल है जो परिसर के सबसे नज़दीक स्थित है। आप स्टेशन से परिसर के लिए टैक्सी भी ले सकते हैं। नेसाऊ इंटर-काउंटी एक्स्प्रेस (NICE) बस मार्ग एन 20 (N20) (फ्लशिंग से नोर्थ्र्न बॉलेवार्ड होती हुई हिक्सविले) NYIT परिसर पर रुकती है।

पश्चिम की ओर से एक्ज़िट 39  (ग्लेन कॉव रोड नॉर्थ) के लिए लोग आईलैंड एक्स्प्रेसवे पकड़ें। नोर्थ्र्न बॉलेवार्ड (मार्ग 25 ए) के लिए ग्लेन कॉव मार्ग उत्तर की ओर जाएँ। नोर्थ्र्न बॉलेवार्ड से दाईं ओर मुड़ें तथा पूर्वी दिशा में एक किलोमीटर दूर स्थित दाईं ओर NYIT के प्रवेश द्वार की ओर चलें। ईस्टर्न लॉन्ग आईलैंड से एक्ज़िट 41 (ब्रॉडवे/मार्ग 107) के लिए लॉन्ग आईलैंड एक्सप्रेसवे पकड़ें। उत्तरी बॉलीवर्ड से रूट 107 की ओर चलें, बाईं ओर मुड़ें, तथा पश्चिम की ओर चौथी ट्रेफिक लाइट पर चलते जाएँ। NYIT प्रवेश द्वार बाईं ओर स्थित है।

**आपातकाल की स्थिति में**

नियमित व्यावसायिक घंटों (प्रातः 9 बजे – साँय 5 बजे तक, सोमवार से शुक्रवार) के दौरान यदि आप फंस जाने की स्थिति में, NYIT के अंतराष्ट्रीय शिक्षा कार्यालय को 1.212.261.1514 (मैनहैटन के लिए) या 1.516.686.7585 (ओल्ड वेस्टब्यूरे के लिए) पर कॉल करके छात्र सलाहकार से संपर्क करें।

आपातकाल की स्थित में होने पर यदि NYIT का अंतराष्ट्रीय शिक्षा कार्यालय उपलब्ध नहीं है, तो कृपया NYIT की सुरक्षा को 1.516.686.7789(ओल्ड वेस्टब्यूरे के लिए) या 1.646.273.7789 (मैनहैटन के लिए) पर संपर्क करें। एक सुरक्षा अधिकारी अंतराष्ट्रीय शिक्षा कार्यालय के अधिकारी से संपर्क करेगा, जो फिर आपसे संपर्क करेगा तथा समस्या का समाधान करने में सहायता करेगा।

**न्यू यॉर्क में सफ़र**

न्यू यॉर्क शहर की यात्रा करने के लिए कई माध्यम हैं जो पाँच नगरों से बने हैं:- मैनहैटन, क्वींस, ब्रुकलिन, ब्रोन्क्स तथा स्टेटन आईलैंड।

**मैनहैटन की ग्रिड प्रणाली:** मैनहैटन की सड़कें अंकित होती हैं तथा पूर्व से पश्चिम की ओर निकलती हैं। यदि आप 23वें मार्ग पर स्थित है तथा 42वें मार्ग पर जाना चाहते हैं, तो आपको 19 ब्लॉक उत्तर की ओर जाना होगा। 80वें मार्ग से 75वें मार्ग पर जाने के लिए, 5 ब्लॉक दक्षिण की ओर चलें। मैनहैटन के एवेन्यू उत्तर से दक्षिण की ओर जाते हैं, जिनमें से कुछ लिखित तथा कुछ नामांकित होते हैं। जिसमें प्रथम एवेन्यू पूर्व नदी के निकट तथा 12 एवेन्यू आईलैंड के दूरस्थ पश्चिम में स्थित होता है। नामांकित एवेन्यू में (अन्य के साथ) पार्क एवेन्यू, लेक्सिसटन एवेन्यू तथा मैडिसन एवेन्यू सम्मिलित है। नामांकित एवेन्यू दूरस्थ-शहर तथा मध्य-शहर में 5वें तथा तीसरे एवेन्यू मध्य पूर्व की ओर स्थित होते हैं। पश्चिम की ओर 7,8, तथा 9 एवेन्यू 54वें मार्ग से ऊपर कोलम्बस एवेन्यू, सेंट्रल पार्क एवेन्यू तथा एमस्टरडैम एवेन्यू की ओर मुड़ता है।

ग्रिड नियम (सभी 14वें मार्ग से नीचे की ओर) के कुछ अपवाद भी हैं। वित्तीय डिस्ट्रिक्ट, चाइनाटाउन, लिटिल इटली, पूर्व से नीचे की ओर, ग्रीनविच विलेज, सोहो तथा ट्रिबेका। इसका कारण यह की इन खान मार्गों में अंकों की अपेक्षा नाम अंकित होते होते हैं (डिलेन्सी स्ट्रीट, वॉल स्ट्रीट, चर्च स्ट्रीट), इसे पूरी तरह से समझने में समय लग सकता है। इसलिए अपने स्मार्टफोन में गूगल मैप जैसी अच्छी एप्लिकेशन डाउनलोड करना महत्वपूर्ण है या आप आवश्यकता होने पर रास्ते पूछ सकते हैं। frommers.com/destinations/new-york-city/663725#sthash.RCUhi7bh.dpbs पर अधिक जानकारी प्राप्त करें।

**स्थानीय यातायात:**. न्यू यॉर्क शहर के भूमिगत-रेल, बस तथा कम्यूटर रेल लाइन की जानकारी, समय-सूची तथा नक्शे के लिए mta.info वेबसाइट पर जाएँ। आप अपने स्मार्टफोन पर MTA भूमिगत मैप डाउनलोड कर सकते है, तथा HopStop.com या Letsembark.com से कई अन्य सहायक एप्लिकेशन भी डाउनलोड कर सकते हैं।

- मेट्रो कार्ड: यह इलेक्ट्रोनिक किराया कार्ड है जिसे न्यू यॉर्क शहर के सभी पाँच नगरों में स्थानीय यातायात (भूमिगत तथा बस) के लिए इस्तेमाल किया जाता है। प्रत्येक सवारी के लिए एक मूलभूत किराया होता है। अधिक जानकारी के लिए mta.info/metrocard पर जाएँ।

- भूमिगत-मार्ग: यह मैनहैटन में कहीं भी यात्रा करने का सबसे प्रभावशाली, तेज़, आसान तथा कम-खर्चीला साधन है। यह सप्ताह के सातों दिन तथा 24 घंटे कार्य करता है तथा व्यस्त घंटों (8 से 9.30 सुबह तथा 5से 6.30 साँय) के दौरान इसमें काफी भीड़ भी हो सकती है परंतु इसके बावजूद यह एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचने का तेज़ गति का माध्यम है।

- बस: बस की यात्रा तब ही उचित है जब आपके पास इसके लिए पर्याप्त समय है, तथा इसकी एक शहर से दूसरे शहर जाने के लिए आवश्यकता पड़ सकती है। बस में सामने के द्वार से चढ़ें तथा मेट्रो कार्ड द्वारा भुगतान करें। बस चालक किसी स्टॉप पर तभी रुकता है जब वहाँ कोई व्यक्ति खड़ा होता है या जब कोई व्यक्ति स्टॉप से पहले दरवाज़े पर स्थित “स्टॉप अनुरोध” का बटन दबाता है। रात के समय भूमिगत-रेल की अपेक्षा बस से यात्रा करना उचित है।

- टैक्सी: यह न्यू यॉर्क शहर के प्रमाणित टैक्सी एवं लिमोज़ीन कमीशन (TLC) द्वारा प्राप्त लाइसेंसधारी पीली टैक्सी है। जिसका किराया टैक्सी के दरवाज़े पर तथा पदक नंबर लाइट के साथ छत पर छपा होता है। आपको किसी भी मार्ग से टैक्सी मिल सकती है। यात्री से किराया मीटर पर दर्शाये गए समय तथा दूरी के आधार पर वसूल किया जाता है। किराए का 10-20 प्रतिशत टिप चालक को देना यहाँ सामान्य है।

- ओल्ड वेस्टब्यूरे परिसर, लॉन्ग आईलैंड में स्थित है। आप यहाँ कार, बस या लॉन्ग आईलैंड रेल रोड द्वारा आ सकते हैं।

**परिजनों तथा मित्रों से संपर्क**

**स्थानीय तथा लंबी-दूरी की कॉल :** स्थानीय या लंबी-दूरी की कॉल करने के लिए आपको 1 अंक के बाद 10 अंकों का नंबर डायल करना आवश्यक है। (उदाहरण के लिए अंतराष्ट्रीय शिक्षा कार्यालय में संपर्क के लिए डायल करें 1.212.161.1648)। पहले तीन अंक क्षेत्र कोड दर्शाते हैं। इस उदाहरण में, 212 क्षेत्र कोड है।

**कर-मुक्त कॉल :** इन अंकों को प्रायः मूल क्षेत्र कोड के बाद “800 अंक” के रूप में उल्लिखित किया जाता है। सेवा के लिए, 1 के बाद टोल फ़्री 10-अंकों की संख्या डायल करें। निम्न क्षेत्र कोड टोल-फ़्री कॉल को दर्शाते हैं:- 800, 822, 844, 855,877 तथा 888।

**अंतराष्ट्रीय कॉल:** 011+देश कोड+क्षेत्र कोड+नंबर डायल करें। देश कोड की सूची के लिए countrycallingcodes.com देखें।

**मोबाइल (सेल) फोन सेवा प्रदाता:** सेल फोन सेवाओं के चयन लिए आपके पास कुछ ही विकल्प हैं जिनमें पूर्व-भुगतान प्लान या एक या दो साल के अनुबंध या बिना अनुबंध के साथ मासिक प्लान सम्मिलित है। चूंकि संभावित रूप से आपके पास संयुक्त राज्य में क्रेडिट हिस्ट्री नहीं है, इसलिए आपको सेल फोन कंपनी को अनुबंध प्रमाणित करने से पहले शुल्क-अदायगी जमा करने की आवश्यकता होगी। यदि आपने पूर्व-भुगतान प्लान का चयन किया है, तो कृपया बारीक छपी लाइन को ध्यानपूर्वक पढ़ लीजिए। कुछ कंपनियाँ कालिंग कार्ड का उपयोग करने वाले ग्राहकों से प्रभार वसूलती हैं। यदि आपने अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिया है, तो तयशुदा समय से पहले अनुबंध तोड़ने पर आपको प्रभार देना होगा।

**स्थानीय डाक घर:** स्थान तथा संचालन के घंटों के विषय में usps.com पर पड़ोस के ज़िप कोड प्रविष्ट करके पता किया जा सकता है। ज़िप (डाक) कोड संयुक्त राज्य में पत्र व्यवहार के लिए आवश्यक होता है। आप usps.com पर ज़िप कोड देख सकते है।

**न्यू यॉर्क तथा NYIT में सुरक्षित आवास**

NYIT अपने छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों, समुदाय सदस्यों तथा संपत्ति के सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करता है। NYIT में उपस्थित सुरक्षा कर्मचारी, परिसर में आपातकाल प्रतिक्रिया कार्यवाही (आग, बम जोखिम, तथा स्वास्थ्य संबंधी आपातकाल) के लिए पूर्णत प्रशिक्षित हैं। इसके अतिरिक्त, NYIT में एलर्ट सिस्टम भी नियोजित किया गया है जिसमें सम्मिलित है:-टेक्स्ट, ई-मेल तथा ध्वनि सूचना- जिससे आपातकाल की स्थिति में आपको जल्द-से जल्द सूचित किया जा सकता है।

**आपातकाल के समय, पुलिस, अग्निशमन या एंबुलेंस द्वारा तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए 911 पर कॉल करें। परिसर सुरक्षा को निम्न नंबरों पर कॉल किया जा सकता है:**

- **ओल्ड वेस्टब्यूरे**: 1.516.686.7789
- **मैनहैटन** : 1.646.273.7789

सावधानी उपायों, परिसर से बाहर जाने के लिए सलाह तथा आवासीय सुरक्षा की अधिक जानकारी के लिए nyit.edu/emergency/safety पर संपर्क करें।

**भुगतान की महत्वपूर्ण जानकारी**

पंजीकरण के समय अपनी सम्पूर्ण बकाया राशि के भुगतान के लिए तैयार रहें। इसमें ट्यूशन के खर्चे तथा अन्य अनिवार्य खर्चे जैसे- कमरा शुल्क, बोर्ड, तथा स्वास्थ्य बीमा सम्मिलित है। आप ट्यूशन फीस से संबंधित जानकारी को nyit.edu/tuition पर देख सकते हैं। हालांकि, प्रत्येक छात्र का बकाया उनके पाठ्यक्रम योजना पर आधारित होता है। आपके ट्यूशन तथा फीस की अधिक व्यक्तिगत

सहायता के लिए कृपया कोषाध्यक्ष कार्यालय में bursar@nyit.edu संपर्क करें या 1.516.686.7510 या 1.212.261.1620 नंबर पर कॉल करें। कृपया निम्न दस्तावेज़ों को संलग्न करें :- आपका छात्र पहचान कार्ड, आपका सत्र जिस में उपस्थिती की योजना है, आपकी छात्र स्थिति, छात्रावास में रहने के इच्छुक हैं या नहीं, तथा आपके द्वारा उपस्थिती के लिए चयनित परिसर, बिल भुगतान की अधिक जानकारी के लिए nyit.edu/bursar/payments जाएँ।

**ट्यूशन तथा फीस**

कृपया ध्यान दें ई-20 में दर्शाए गए ट्यूशन तथा निर्वहन के खर्चे अनुमानस्वरूप दर्शाए गए हैं तथा यह तय ट्यूशन तथा फीस नहीं है। तय फीस के लिए कृपया nyit.edu/tuition देखें। वह छात्र जिन्होंने भुगतान की अंतिम तिथि के अंतर्गत भुगतान नहीं किया है उनकी कक्षा तथा छात्रावास नियुक्ति के रद्द किए जाने का जोखिम हो सकता है तथा देर से भुगतान किए जाने पर प्रभार भी लगाया जा सकता है।

अंतिम तारीख इस प्रकार है: पतझड़ सत्र के लिए 1 अगस्त; मध्यसत्र तथा वर्षा ऋतु सत्र के लिए 1 जनवरी; ग्रीष्म सत्र के लिए 1 मई या जनवरी 1 की देय तिथि। यदि आपने 1 जनवरी या 1 अगस्त के बाद की तारीख में अपना पंजीकरण किया है, तो आपकी कक्षा के लिए पंजीकरण से पहले का भुगतान बकाया है। इस स्थिति में देर से भुगतान करने पर विलम्ब शुल्क आदा चुकाना होगा, तथा फीस माफ नहीं की जाएगी।

कृपया ध्यान दें, सभी प्रकार की फीस में बदलाव संभव है।

**ट्यूशन शुल्क का भुगतान किस प्रकार करें**

NYIT बिल का भुगतान करने के लिए कई विकल्प है। अपने खाते से समयानुसार तथा उचित रूप से भुगतान करने के लिए सभी भुगतनों में अपना मूलनाम एवं उपनाम तथा NYIT छात्र पहचान नंबर संलग्न करना अनिवार्य है। भुगतान करने से पहले, यदि अनिवार्य है, तो आपको पहले अपनी वित्तीय सहायता को स्वीकार या अस्वीकार करना होगा।

कृपया ध्यान दें, आप my.nyit.edu के MyNYIT पोर्टल पर जाकर अन्य व्यक्ति/व्यक्तियों के अपने बिल भुगतान की अनुमति दे सकते हैं तथा NYITConnect पर पेरेंट पिन आप्शन का चयन करके भुगतान या भुगतानकर्ताओं को अधिकृत कर सकते हैं।

**भुगतान के विकल्प**

- **स्व- भुगतान :** व्यावसायिक घंटों में कोषाध्यक्ष कार्यालय जाकर नकद, चेक, मनी आर्डर या क्रेडिट कार्ड से भुगतान कर सकते हैं। कृपया ध्यान दें, सभी चेक ऑटोमेटिक क्लियरिंग हाउस (ACH) भुगतान द्वारा ही संसाधित किए जाएंगे तथा निधि भुगतान सीधा इलेक्ट्रोनिक कटौती के माध्यम से किया जाएगा।
  कोषाध्यक्ष कार्यालय का पता:
  मैनहैटन परिसर: 16 W. 61st St., First Floor, 1.212.261.1620
  ओल्ड वेस्टब्यूरे परिसर: Harry Schure Hall, First Floor, 1.516.686.7510.

- **<u>क्रेडिट कार्ड :</u>** my.nyit.edu तथा NYITConnect के MyNYIT पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन भुगतान करने की सुविधा भी है। आप अपना क्रेडिट कार्ड अधिकृत फॉर्म (nyit.edu/bursar/payments उपलब्ध है) को 1.516.686.7833 नंबर पर फ़ैक्स भी कर सकते हैं। NYIT मास्टर कार्ड, वीज़ा, डिस्कवर तथा अमरीकन एक्स्प्रेस स्वीकार करता है।

- **<u>डाक:</u>** अपना चेक निम्न पते पर भेजें:- New York Institute of Technology, Office of the Bursar, P.O. Box 392, Old Westbury, NY 11568। सभी चेक ऑटोमेटिक क्लियरिंग हाउस (ACH) भुगतान द्वारा ही संसाधित किए जाएंगे तथा निधि भुगतान सीधा इलेक्ट्रोनिक कटौती के माध्यम से किया जाएगा।
- **<u>ट्यूशन शुल्क भुगतान प्लान :</u>** NYIT कनेक्ट के MyNYIT (my.nyit.edu) पोर्टल पर जाकर हाइअर वन द्वारा प्रस्तुत भुगतान प्लान में अपना नामांकन कर सकते हैं। भुगतान प्लान में किसी भी प्रकार के बदलाव कोषाध्यक्ष कार्यालय के अधीन हैं। यदि प्लान के नियम व शर्तों को स्वीकार नहीं करते तो लैंडिंग एक्ट में ट्रुथ के अधीन किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा।

  यदि अपने प्लान में नामांकन का चयन किया है तो प्लान के सक्रिय होने से पहले आपको अपना प्रथम भुगतान करना अनिवार्य है। प्लान के अंतर्गत नियम व शर्तों का पालन न करने पर आपको विलम्ब भुगतान फीस भरनी होगी या आपकी कक्षा तथा छात्रवास या खाद्य प्लान (जहां भी लागू हो) को संभावित रूप से रद्द किया जा सकता है। दोषी छात्र को भविष्य में होने वाले भुगतान प्लान में नामांकन से हटाया जा सकता है तथा हाइअर वन द्वारा देर से भुगतान पर प्रभार भी लिया जा सकता है।

  भुगतान प्लान में नामांकन से डिप्लोमा या प्रतिलिपि प्राप्त नहीं की जा सकती है।

- **<u>बैंक-वायर:</u>** बैंक वायर के द्वारा भुगतान करने पर NYIT को धन-प्राप्ति में दो सप्ताह तक का समय लग सकता है। कृपया सुनिश्चित कर लें कि आपके खाते में जमा राशि NYIT को देय भुगतान कि सभी बकाया राशि के लिए पर्याप्त है। कृपया सुनिश्चित कर लें कि भुगतान की अंतिम तारीख से पहले फीस संसाधित करने के लिए आपके पास पर्याप्त समय है। नीचे बताई गई जानकारी से भुगतान सम्पन्न किया जा सकता है:-

- **<u>अध्ययन के लिए भुगतान:</u>**
  यह बैंक वायर स्थानांतरण का एक विकल्प है, अध्ययन के लिए भुगतान विकल्प के द्वारा अंतराष्ट्रीय भुगतान किया जा सकता है जो कि भुगतान का आसान, सुविधाजनक, सुरक्षित तथा सस्ता विकल्प है। यह बैंक तथा क्रेडिट कार्ड में मुद्रा बदलाव दर से अच्छे विकल्प देता है। भुगतान करने तथा अधिक जानकारी के लिए nyit.paytostudy.com पर देखें।
- **<u>वेस्टर्न यूनियन:</u>** NYIT वेस्टर्न यूनियन द्वारा भी भुगतान स्वीकार करता है। वेस्टर्न यूनियन NYITकनेक्ट के MyNYIT पोर्टल (my.nyit.edu) भी उपलब्ध है। वेस्टर्न यूनियन के उपयोग द्वारा जानकारी प्राप्त करने के लिए nyit.edu/bursar/payments#international_students पर जाएँ।

## विलम्ब शुल्क तथा धन-अदायगी

### विलम्ब रजिस्ट्रेशन शुल्क

कक्षा आरम्भ होने के बाद पंजीकरण करवाने वाले छात्रों को विलम्ब पंजीकरण शुल्क का भुगतान करना होगा। यह फीस ट्यूशन और शुल्क के अतिरिक्त पंजीकरण के साथ ली गई फीस के साथ चुकानी होगी अन्यथा पंजीकरण करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस फीस में वापसी तथा माफी नहीं मिलेगी।

### विलम्ब भुगतान शुल्क

उपरोक्त सूची के अनुसार भुगतान नहीं करने वाले छात्रों को प्रत्येक उपयुत्क देय तारीख विलम्ब शुल्क का भुगतान करना होगा। इस फीस का भुगतान ट्यूशन और शुल्क के अतिरिक्त करना होगा। इस फीस को माफ नहीं किया जाएगा। कृपया ध्यान दें: हर शुल्क को बदला जा सकते है।

### धन-अदायगी

ट्यूशन फीस केवल प्रत्याहार पॉलिसी के द्वारा लौटाई जा सकती है, जिसे nyit.edu/ bursar/refund पर देखा जा सकता है।

छात्र की ट्यूशन फीस या किसी भी प्रकार की फीस या जुर्माना संस्थान पर बकाया होने पर छात्र को प्रतिलिपि, ग्रेड रिपोर्ट, डिप्लोमा या धन-वापसी का चेक नहीं दिया जाएगा। किसी भी प्रतिबंधित खाते SEVIS, पुस्तकालय या सुरक्षा (सम्मिलित परंतु सीमित नहीं) में किसी भी प्रकार का धन अदायगी चेक का भुगतान नहीं दिया जाएगा।

व्यक्तिगत चेक के द्वारा किए गए अंतिम भुगतान की सूरत में धन अदायगी चेक को अंतिम भुगतान की तारीख से 30 दिनों तक रोका जाएगा।

### ट्यूशन धन-अदायगी बीमा

छात्रों एवं उनके परिवार को आर्थिक अस्थिरता का सामना पड़ सकता है। जिसके लिए, NYIT में छात्रों के लिए “A.W.G. डेवर” द्वारा प्रस्तावित वैकल्पिक ट्यूशन अदायगी बीमा का भी प्रावधान भी उपलब्ध है। यह पॉलिसी ट्यूशन अदायगी प्लान के द्वारा NYIT के माध्यम से जारी धन-अदायगी सूची का पूरक है। NYIT धन–आदायगी पॉलिसी के समाप्त होने के बाद भी ग्राहक इस धन-आदायगी के लिए पूरे सत्र के लिए योग्य है। ट्यूशन, कमरा, अनिवार्य शुल्क तथा खाद्य-योजना से संबंधित खर्चे इसमें सम्मिलित नहीं है। इसमें भागीदारी वैकल्पिक होगी। योजना तथा नामांकन की अधिक जानकारी के लिए 617.774.1555 करें या

collegerefund.com पर जाएँ।

**अतिरिक्त जानकारी**

अंतिम तारीख तक भुगतान न करने की स्थिति में, छात्र को NYIT को देय मूलधन के साथ सभी खर्चे (जिसमें सम्मिलित परंतु सीमित नहीं) के साथ देय मूलधन का 33% एकत्रण एजेंसी फीस , देय मूलधन का 50% कानूनी खर्च, बकाया राशि, अधिकतम कानूनी दरों पर कर तथा किसी एवं सभी कोर्ट लेखापत्र फीस, का तथा निर्णय निष्पाद खर्च के साथ बकाया कर को एकत्रित करना। संग्रह के सभी मुद्दे न्यू यॉर्क कानून के आधीन होंगे तथा न्यू यॉर्क राज्य की अदालत इन सभी मुद्दों पर अपना फैसला सुनाएगी।

**आपके अध्ययन से संबंधित सहायक जानकारी**

NYIT में आपकी कक्षा की शुरुआत होने पर, आप अपने देश तथा यहाँ के शैक्षिक जीवन में कुछ समानता या असमानता का अनुभव का सकते हैं। आने वाले खंड में आप संयुक्त राज्य की शैक्षिक प्रणाली तथा NYIT में आपके अनुभव को सफल बनाने के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**संयुक्त राज्य की शैक्षिक प्रणाली की समीक्षा**

संयुक्त राज्य की शैक्षिक प्रणाली, सम्पूर्ण रूप से, सभी छात्रों तक विस्तृत शिक्षा प्रदान करने के निमित है। जनसंख्या का एक बड़ा प्रतिशत माध्यमिक तथा उच्चतर शिक्षा ग्रहण करते है।

अमरीकी विद्यार्थी प्राथमिक तथा माध्यमिक स्कूली शिक्षा को बारह वर्षो में पूरा करते हैं। इन वर्षों को पहली से बारहवीं कक्षा कहा जाता है। लगभग छह वर्ष की आयु में, अमरीकी बच्चे प्राथमिक शिक्षा आरंभ करते हैं, जिसे आमतौर पर "प्राथमिक विद्यालय" कहा जाता है। यह शिक्षा पाँच या छह वर्ष में पूर्ण की जाती है तथा इसके बाद माध्यमिक विद्यालय की शुरुआत होती है।

माध्यमिक दो प्रकार के प्रोग्राम होते हैं: पहला "माध्यमिक स्कूल" या "जूनियर उच्च विद्यालय" तथा दूसरा प्रोग्राम "उच्च विद्यालय"। "उच्च विद्यालय" से स्नातक होने पर डिप्लोमा या प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता हाई। उच्च विद्यालय से स्नातक के बाद (बारहवीं कक्षा) अमरीकी छात्र कॉलेज या विश्वविद्यालय में दाखिला ले सकते हैं। कॉलेज या विश्वविद्यालय में किए जाने वाले अध्ययन को "उच्च शिक्षा" कहा जाता है। अभिक्षमता परीक्षा जैसे कि SAT या ACT का उपयोग दाखिले के मापदंड के रूप में किया जाता है।

संयुक्त राज्य में पूर्व-स्नातक कि डिग्री (कला स्नातक- विज्ञान स्नातक) में शिक्षा के सामान्य घटक सम्मिलित हैं तथा समान्यतः पाठ्यक्रम के अनुसार इसे पूरा करने में चार वर्ष लगते हैं। अध्ययन के प्रथम वर्ष को फ्रेशमेन ईयर कहते है, द्वितीय वर्ष सोफ़ोमोर ईयर, तृतीय वर्ष जूनियर ईयर तथा अंतिम वर्ष सीनियर ईयर कहलाता है। NYIT में अधिकतर पूर्व-स्नातक छात्र (समान्यतः अंडरग्रैड से समोधित किया जाता है) डिस्कवरी कोर पाठ्यक्रम के अंतर्गत पाठ्यक्रम-कार्य को पूरा करते हैं, जिसमें निम्न पाठ्यक्रम सम्मिलित हैं: संचार, साक्षरता, आलोचनात्मक तथा विश्लेषणात्मक मानसिकता, बहुविषयक पूर्वग्रह, नैतिक एवं सामाजिक अनुबंध, वैश्विक दृष्टिकोण तथा प्रकृति ज्ञान तथा कला एवं विज्ञान संचालन। छात्र मुख्य-सत्र के प्रवेश चरण से आरंभ हुए प्रायोगिक एवं प्रशिक्षण पाठ्यक्रम से आगे बड़ते हैं।

